कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा -2019 द्वारा कनिष्ठ अनुवादक के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए सूचना

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा -2019 का परिणाम दिनांक 13 नवंबर 2020 को घोषित किया गया है। कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा -2019 के द्वारा कुल 45 अभ्यर्थियों को कनिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग में मनोनीत किया गया।

2. भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में राजभाषा कैडर केंद्रीयकृत है तथा पूरे भारत में स्थानांतरण की देयता है | यद्यपि कनिष्ठ अनुवादक के पद पर राज्य में स्थित कार्यालय में प्रारम्भिक नियुक्ति अभ्यर्थियों की मेधा एवं उनके द्वारा दिए गए राज्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा |

3. कनिष्ठ अनुवादक के पद के लिए मनोनीत अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रारम्भिक राज्य का आबंटन कंप्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जायेगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें, log into the URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice और अपने व्यकितगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म की विस्तृत जानकारी भरें। ऑनलाइन प्रक्रिया 14 दिसंबर 2020 से प्रारम्भ होगी तथा 11 जनवरी 2021 तक जारी रहेगी |

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सम्बंधित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढें। विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात अपने व्यक्तिगत सूचना (एक प्रति), राज्य प्राथमिकता (एक प्रति) और सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) का प्रिंट ले लें। इसकी मूल प्रति पर अपने हस्ताक्षर कर के इसे कार्यालय को दिनांक 25 जनवरी 2021 तक प्राप्त होना सुनिश्चित करें |

5. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा -2019 और पदनाम अर्थात कनिष्ठ अनुवादक अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म को स्पीड पोस्ट से निम्न पते भेजें।

श्री वी एस वेंकटानाथन

सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,

9, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,

नई दिल्ली-10124